राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–217/2023

राज्यपाल से भारतीय प्रशासनिक सेवा के 10 प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने मुलाकात की

पटना, 07 अगस्त 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2021 बैच के बिहार संवर्ग के 10 प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने राजभवन आकर मुलाकात की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि वे युवा, ऊर्जावान और सक्षम पदाधिकारी हैं तथा समाज और आमजन को उनसे काफी उम्मीदें हैं। अतः वे सकारात्मक सोच और व्यापक दृष्टिकोण के साथ आम जन की बेहतरी के लिए कार्य करें। राज्यपाल ने उनसे कहा कि वे लोगों से मिलें और उनसे जुड़े तथा उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुनें। इससे लोगों की समस्याओं के बारे में उन्हें वास्तविक जानकारी मिल सकेगी और वे उनका समाधान कर सकेंगे।

राज्यपाल ने कहा कि बिहार न केवल सांस्कृतिक बल्कि पारिस्थितिक रूप से भी समृद्ध है। यहाँ की अनेक चीजों को वैश्विक पहचान दिलाने की आवश्यकता है। बिहार में पर्यटन के क्षेत्र में भी विकास की काफी संभावनाएँ हैं। उन्होंने प्रशिक्षु पदाधिकारियों से कहा कि वे बिहार के विकास के लिए अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य करें।

प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने भी जिला एवं प्रखंड में प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त अपने अनुभवों को राज्यपाल के साथ साझा किया।

....